बड़ौदा यू.पी.बैंक
Baroda U.P. Bank
प्रधान कार्यालय : बुद्ध विहार व्यावसायिक योजना, तारामंडल, गोरखपुर-273016
शिविर कार्यालय : ए-1, सिविल लाइंस, रायबरेली-229001, फोन : 0535-2702075

RO/Alld/1/2020-21/PE/45 Date-03.12.2020

-सार्वजनिक सूचना-

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि हमारे क्षेत्रीय कार्यालय- इलाहाबाद पर निर्बाध रूप से विद्युत् आपूर्ति सुनिश्चित करने के क्रम में मासिक किराये पर जनरेटर की सेवाएँ ली जानी है| जिसके हेतु 25 KVA भारक्षमतायुक्त ध्वनिरहित (Silent Mode) जनरेटर की सेवा अपेक्षित है| तकनीकी दक्षता एवं मान्यताप्राप्त ठेकेदारों से कोटेशन/ टेंडर आमंत्रित हैं| टेंडर की शर्तें निम्नानुसार हैं -

1.बिजली विभाग का ठेकेदार/ कारीगर जिसके पास बिजली विभाग द्वारा कार्य करने हेतु प्रदत्त लाइसेंस उपलब्ध हो| प्रमाण पत्र/ लाइसेंस की छाया प्रति टेंडर के साथ संलग्न करें |

2.जनरेटर ध्वनिरहित हो|

3.न्यूनतम 25KVA भारक्षमता का हो|

4.संरक्षा,सुरक्षा,मरम्मत तथा ईंधन आदि का पूर्ण दायित्व जनरेटर स्वामी का होगा|

5.सम्यक संचालन का दायित्व जनरेटर स्वामी का होगा|

6.सामान्यतः जनरेटर की सेवाएँ बैंक कार्य दिवसों में प्रातः 8 बजे से सायं 8 बजे के बीच ही ली जायेंगी परन्तु आवश्यकता पड़ने पर कभी भी अवकाश के दिनों में एवम् रात्रि में भी जनरेटर की सेवाएँ ली जा सकती हैं, जिसके लिए कोई अतिरिक्त भुगतान देय नहीं होगा|

7.जनरेटर की सेवाएँ केवल बड़ौदा यू.पी.बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय इलाहाबाद के उपयोग के लिए ही होगी|

8.जनरेटर के प्रस्तावित मासिक किराये में समस्त व्यय,प्रभार तथा कर सम्मिलित होंगे |

9.मासिक किराया दो वर्षों हेतु लागू होगा, इससे पूर्व किराये में कोई वृद्धि नहीं की जायेगी |किसी कारणवश जनरेटर खराब होने पर आवेदक द्वारा बदले में दूसरा जनरेटर लगाकर विद्युत् आपूर्ति अनिवार्य रूप से उपलब्ध करानी होगी|

10.बिना कारण बताये या पूर्व सूचना के बैंक कभी भी जनरेटर को सेवाएँ समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है|

11.बिना किसी पूर्व सूचना के इस निविदा को समाप्त करने का अधिकार बैंक के पास सुरक्षित होगा|

इच्छुक अभ्यर्थी कृपया अपनी निविदा, समस्त विवरण सहित संलग्न प्रारूप पर भरकर (हस्ताक्षर व मुहर युक्त) सीलबंद लिफाफे में हमारे क्षेत्रीय कार्यालय (3D तासकंद मार्ग सिविल लाइंस इलाहाबाद (प्रयागराज) यू.पी.)के टेंडर बॉक्स में दिनांक 24.12..2020 सायं 4.00 बजे तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें| निविदा खुलने का समय दिनांक 28.12.2020 सायंकाल 4.00बजे होगा| समस्त प्रतिभागी निविदा खुलने के समय मूल अभिलेखों के साथ अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें|

क्षेत्रीय प्रबन्धक
बड़ौदा यू.पी.बैंक
परिक्षेत्र -इलाहाबाद (प्रयागराज)

Regional Office : 3 D Tashkant Marg Civil Line Allahabad 211001 (U.P.)
E-mail: roalla@barodauprrb.co.in; Fax-0532-2407653 Mo.7311121755,7311121764,

<u>मासिक किराये पर जनरेटर की सेवाओं हेतु आवेदन पत्र</u>

मै/हम एतदद्वारा आपके क्षेत्रीय कार्यालय-इलाहाबाद(प्रयागराज)में आपके टेन्डर दिनांक 03.12.2020 की समस्त शर्तों का अनुपालन करते हुए रु०............(शब्दों में ....) के मासिक किराये पर जनरेटर की सेवाएँ प्रदान करने हेतु सहर्ष सहमत हूँ|

निविदादाता का विवरण-

आवेदक/ फर्म का नाम	:...	निविदादाता की फोटो
पिता का नाम	:...	
पता	:...	
दूरभाष संख्या	:	
ई मेल आई डी	:	
प्रस्तावित जनरेटर की भार क्षमता	:...	
बिजली विभाग द्वारा उपलब्ध लाइसेंस/प्रमाण पत्र की संख्या व तिथि	:..	
लाइसेंस/प्रमाण पत्र की वैधता अवधि	:	

पार्टनरशिप/प्रोपराइटरशिप फर्म की दशा में व्यक्तिगत विवरण :

नाम -

पिता /पति का नाम -

लिंग -

पता-

मोबाईल न.-

ईमेल आई डी -

स्थान :

निविदादाता के हस्ताक्षर
(मोहर सहित)

दिनांक :

संलग्नक (स्वप्रमाणित)

1.परिचय व पते का प्रमाण पत्र

2.लाइसेंस /प्रमाणपत्र की प्रति

3.PAN कार्ड की प्रति

नोट-टेंडर में दी गयी शर्तों के साथ संलग्न आवेदन पत्र के प्रारूप पर निविदादाता द्वारा स्वयं हस्ताक्षर करना होगा |